सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 333 | इंदौर, शनिवार 15 जून, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. PM Modi Giorgia Meloni Selfie: फिर चर्चा में पीएम मोदी और मेलोनी की सेल्फी, जी-7 समिट से इतर खींची तस्वीर
2. PM Modi Varanasi Visit: PM मोदी काशी में 300 किसानों को देंगे आवास की सौगात, जारी करेंगे सम्मान निधि की किस्त
3. Chhattisgarh Encounter: नारायणपुर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़, आठ नक्सली ढेर
4. UP Monsoon 2024: बंगाल और बिहार के बीच अटका यूपी आ रहा मानसून, रमेल चक्रवात के जल्द कमजोर होने से हुआ ऐसा

**बीएड-डीएड कॉलेज फर्जीवाड़ा मामले में ...**

# STF ने जारी किए नोटिस

### फर्जी तरीके से 6 कॉलेज का मान्यता से पूर्व इंस्पेक्शन किसने किया था एनसीटीई और जीवाजी यूनिवर्सिटी प्रमुख से जवाब मांगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों की तरह बीएड-डीएड कॉलेजों के फर्जीवाड़े के मामले में स्पेशल टास्क फोर्स (STF) ने नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (NCTE) और जीवाजी यूनिवर्सिटी के प्रमुख को नोटिस जारी कर दिए हैं। इन नोटिस में जवाब मांगा है कि फर्जी तरीके से मान्यता पाने वाले कॉलेज के इंस्पेक्शन किन अधिकारी-कर्मचारी ने किए थे। उन्हें सूटेबल रिपोर्ट किसने जारी की थी। जिसके आधार पर कॉलेज को मान्यता मिली थी।

एसटीएफ एसपी राजेश सिंह भदौरिया ने बताया कि एनसीटीई दिल्ली और जीवाजी यूनिवर्सिटी के प्रमुख को नोटिस जारी किए हैं। जवाब मांगा है कि फर्जी तरीके से 6 कॉलेज का मान्यता से पूर्व इंस्पेक्शन किसने किया था। मान्यता दिलाने में किस अधिकारी कर्मचारी की क्या भूमिका था। उनके नाम और पद की जानकारी मांगी है। जिससे दोषी अधिकारी-कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की जा सके। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होते ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। बता दें, ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के 6 कॉलेजों की जांच में पता चला था कि मान्यता के लिए फर्जीवाड़े की सभी हद पार कर दी गई थी। आरोपियों ने जहां कॉलेज होना बताया, उस भूमि पर खेत बने हैं।




### भवन बनाने की परमिशन भी फर्जी निकली

ग्राम पंचायत से भवन बनाने की अनुमति भी फर्जी तरीके से ली गई। यहां तक कि सरपंच के साइन तक फर्जी किए गए। इसी के साथ बैंक की फिक्स डिपॉजिट रिसीप्ट (एफडीआर) भी फर्जी तरीके से बना ली। एसटीएफ अब एससीटीई और जीवाजी यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों की भूमिका की जांच भी कर रही है। 29 मई को एसटीएफ ने 6 कॉलेजों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूट रचित दस्तावेज तैयार करना और आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं में केस दर्ज किया था।

### बैंक की फिक्स डिपाजिट रिसिप्ट भी फर्जी

एसटीएफ के एसपी राजेश सिंह भदौरिया ने बताया कि अब तक की जांच में सामने आया कि कुछ कॉलेजों ने मान्यता के लिए जो एफडीआर लगाई थी, वह बैंक द्वारा जारी करने से ही इनकार किया गया है। कॉलेज में भवन निर्माण के लिए डायवर्सन आदेश को जिस एसडीओ कार्यालय से जारी करना बताया गया, वहां से उन्हें जारी ही नहीं किया है। भवन पूर्णता आदेश जिन पंचायतों से जारी करना बताया गया, उन पंचायतों ने ऐसे आदेश जारी करने की बात से ही इनकार कर दिया है।

### इन कॉलेज पर दर्ज है एफआईआर

एसटीएफ ने अंजुमन कॉलेज ऑफ एजुकेशन सेवड़ा (दतिया), प्राशी कॉलेज ऑफ एजुकेशन मुंगावली (अशोक नगर), सिटी पब्लिक कॉलेज शाढ़ौरा (अशोक नगर), मां सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, वीरपुर (श्योपुर), प्रताप कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बड़ौदा (श्योपुर), आइडियल कॉलेज, बरौआ (ग्वालियर) के संचालकों को आरोपी बनाया है। एसटीएफ ये भी पड़ताल करेगी कि ये अब तक कितनी डिग्रियां बांट चुके हैं।

# सीएम आज करेंगे 179 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

### जल गंगा संवर्धन अभियान' में सागरताल पर करेंगे श्रमदान; नए स्टेडियम का उद्घाटन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। प्रदेश के मुखिया सीएम डॉ. मोहन यादव शनिवार (15 जून) को ग्वालियर आ रहे हैं। ग्वालियर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव "जल गंगा संवर्धन अभियान" के तहत शहर के ऐतिहासिक सागरताल के सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार कार्य में जनप्रतिनिधियों के साथ श्रमदान कर लोगों को जल संरचनाएं सहेजने के लिये प्रेरित करेंगे। साथ ही यहां पर जनसभा को संबोधित करेंगे।**

शहर में 45 करोड़ 68 लाख रूपए की लागत से मूर्तरूप लेने जा रहे अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर सहित लगभग 179 करोड़ रूपए लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शंकरपुर स्थित नवनिर्मित क्रिकेट स्टेडियम के उदघाटन व नामकरण एवं स्टेडियम में IPL की तर्ज पर होने जा रही MPL-2024 मध्यप्रदेश लीग-सिंधिया कप के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे। उनके साथ केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

**शाम 4.30 बजे ग्वालियर आएंगे सीएम-** निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव 15 जून को अपरान्ह लगभग 4.30 बजे राजकीय विमान से राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुंचेंगे। यहां से सड़क मार्ग द्वारा रवाना होकर सागरताल पहुंचकर जनप्रतिनिधियों के साथ श्रमदान करेंगे। साथ ही विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। सागरताल के समीप स्थित रेन वाटर हार्वेस्टिंग के एक मॉडल का अवलोकन भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शहर में इन कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद सायंकाल लगभग 6.30 बजे विमानतल पहुंचकर वायुमार्ग द्वारा इंदौर के लिये प्रस्थान करेंगे।

**नए स्टेडियम का उद्घाटन, नामकरण व MPL का करेंगे शुभारंभ-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव इसके बाद शंकरपुर के समीप स्थित नवनिर्मित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के उदघाटन व नामकरण एवं स्टेडियम में आईपीएल की तर्ज पर आयोजित होने जा रही एमपीएल-2024 मध्यप्रदेश लीग – सिंधिया कप के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होने पहुँचेंगे। ज्ञात हो एमपीसीए द्वारा लगभग 210 करोड़ रूपए की लागत से शंकरपुर के समीप अंतर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया गया है। इस स्टेडियम का नामकरण केन्द्रीय मंत्री स्व. श्रीमंत माधवराव सिंधिया के नाम से होने जा रहा है।

**इन कार्यों का करेंगे भूमिपूजन एवं लोकार्पण-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 जून को ग्वालियर प्रवास के दौरान सागरताल पर कार्यक्रम के माध्यम से जिले को लगभग 179 करोड़ रूपए लागत की सौगातें देंगे। इनमें गोला का मंदिर के समीप 45 करोड़ 68 लाख लागत का अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर व बिलौआ में लगभग 52 लाख की लागत से बनने जा रहा 132 केव्ही का विद्युत उप केन्द्र का भूमिपूजन शामिल है। इसके अलावा 9 करोड़ से अधिक लागत से बनने जा रहे ग्वालियर में विधि कॉलेज भवन, 9 करोड़ से अधिक लागत की खुरैरी, बिजौली, गुंधारा, गुहीसर मार्ग पर स्थित बेसली नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण व पौने आठ करोड़ रूपए लागत के नगर निगम के फायर स्टेशन का भूमिपूजन भी मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। साथ ही 9 करोड़ रूपए लागत से जीवाजी विश्वविद्यालय में बनाए गए एक हजार सीटर स्व. अध्ययन केन्द्र, 7 करोड़ रूपए लागत से जेएएच में बनकर तैयार हुए टरसरी कैंसर केयर यूनिट भवन व रेडीमेंट गारमेंट पार्क परिसर में 12 करोड़ रूपए लागत का डेनीसन फैशन इंडिया प्रा. लि. की इकाई तथा आधा दर्जन अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा।

# तीन दिवसीय कार्टूनशाला का शुभारंभ

**लहरी अंकल से बच्चों ने सीखे कार्टून और चित्रकारी के गुर**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर प्रेस क्लब द्वारा सदस्यों और मीडियाकर्मियों के बच्चों के लिए ख्यात कार्टूनिस्ट श्री इस्माइल लहरी की तीन दिवसीय कार्टूनशाला का आज शुभारंभ हुआ। श्री लहरी ने कार्टूनशाला के पहले दिन करीब 55 बच्चों को कार्टून बनाने की बारीकियां समझाते हुए लाइन, गोलों व अंडाकार गोलों के माध्यम से कार्टून तथा रेखा चित्रों से चेहरे बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्टूनशाला के शुभारंभ अवसर पर बच्चों को मोटिवेट करने के लिए प्रसिद्ध चित्रकार शुभा वैद्य (ताई) भी शामिल हुईं। उन्होंने बच्चों के हाल-चाल जानने के बाद सीधी साधी भाषा में पेंटिंग की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पेंटिंग बनाने से पहले चेहरे,उसके हाव-भाव व पहनावा को ध्यान में रखें। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने कहा कि पिछले कई वर्षों से हम कार्टूनशाला का आयोजन करते आ रहे हैं। बच्चों की क्रिएटिविटी को ध्यान में रख हमने यह आयोजन किया है। इस कार्टून शाला के माध्यम से बच्चे ड्राइंग कला के साथ अन्य क्रिएटिविटी से अवगत होंगे।

# मातुश्री के निधन पर पगड़ी रस्म में आए 50

**गांवों के लोगों को भेंट किए फलदार पौधे**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। म.प्र. वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में ग्राम पुंजापुरा में वैश्य समाज के समाजसेवी गोपाल गुप्ता परिवार ने एक अनूठी पहल करते हुए मातुश्री सावित्रीदेवी गुप्ता के निधन पर पगड़ी रस्म के दिन उत्तर कार्य के दौरान उपस्थित लोगों को 101 विभिन्न प्रजातियों के फलदार पौधे भेंटकर उनसे अग्रह किया कि वे अपने आसपास की भूमि पर उक्त पौधें रोपें और उनके फोटो भी संगठन को भेजे। इस अवसर पर नागर चित्तौड़ा महाजन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र महाजन, वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अशोक सोमानी, वरिष्ठ पत्रकार चंद्रप्रकाश गुप्ता, प्रो. रूपेश कुंबज, बागली के वरिष्ठ अभिभाषक प्रवीण चौधरी एवं राजेन्द्र ईनानी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूलाल अटारिया, बागली से विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे गोपाल भोंसले, पत्रकार मुकेश गुप्ता, सोनकच्छ जनपद अध्यक्ष सूरजसिंह ठाकुर, भाजपा के प्रदेश मंत्री महेश पाटीदार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष निरंजनसिंह सेंगर, नवनीत गुप्ता, पुंजापुरा के सरपंच मोहन राठौर, हरिधर श्रीवास्तव, केशरसिंह हम्मड़, इंदरसिंह बर्फा, कमलेश परिहार, पप्पू जैन सहित करीब 50 गांवों के प्रमुख समाजबंधु मौजूद थे, जिन्होंने मुक्त कंठ से गुप्ता परिवार के इस आयोजन की सराहना की।

**मायरे की कथा बहुत बड़ा सबक है**

# अंबिकापुरी स्थित खाटू श्याम धाम में चल रहे महायज्ञ में दी गई 1008 श्रीफल की आहुतियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एयरपोर्ट रोड, अंबिकापुरी स्थित खाटू श्याम धाम मंदिर पर चल रहे वार्षिकोत्सव में जहां खाटू श्याम अखाड़े के अनेक महामंडलेश्वर आए हुए हैं, वहीं खाटू श्याम महायज्ञ में आचार्य पं. मुकेश उपाध्याय के निर्देशन में भक्तों ने 1008 नारियल से आहुतियां प्रदान की। दोपहर में श्याम प्रिया मुस्कान शर्मा ने नानीबाई के मायरे की कथा सुनाते हुए कहा कि बेटियां ही हैं, जो दो परिवारों, दो संस्कृतियों और दो समाजों को जोड़कर रख सकती हैं। बेटियों का रिश्ता अपने पैतृक परिवार से कभी नहीं छूटता। मायरे की कथा उन लोगों के लिए बहुत बड़ा सबक है, जो बहू को बेटी का दर्जा देने के लिए तैयार नहीं होते हैं। भक्त का अपमान भगवान को किसी भी सूरत में सहन नहीं होता। जब भक्ति डांवाडोल होने लगती है, जब उसे दृढ़ता प्रदान करने का काम भगवान ही करते हैं। अंबिकापुरी स्थित खाटू श्याम धाम मंदिर के 26वें वार्षिकोत्सव में खाटू श्याम अखाड़े के महामंडलेश्वर ऋषिदास, महामंडलेश्वर कवितादास, महामंडलेश्वर नलिनीदास, महामंडलेश्वर पंकजदास एवं महामंडलेश्वर गोपालदास महाराज ने शुक्रवार को महायज्ञ में शामिल होकर परिवार, समाज एवं राष्ट्र में खुशहाली के लिए आहुतियां समर्पित कीं। महंत नीलू बाबा ने बताया कि भक्तों ने भी 1008 श्रीफल की आहुतियां महायज्ञ में समर्पित की। आचार्य पं. मुकेश उपाध्याय एवं उनके सहयोगी विद्वानों के निर्देशन में महायज्ञ 17 जून तक प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे तक जारी रहेगा। दोपहर में नानीबाई के मायरे की कथा सुनाते हुए श्याम प्रिया मुस्कान शर्मा ने अनेक मार्मिक प्रसंग बताए।

# दो महीने तक रोपे जाएंगे पौधे

**सजावटी और हेज प्लांट से सरकार ने बनाई दूरी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पर्यावरण बचाने के लिए मध्य प्रदेश में लगातार दो महीने तक बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलेगा। अभियान का आगाज करने के साथ सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि सजावटी ओर हेज प्लांट से पूरी तरह दूरी बनाए जाए। पौधारोपण में छायादार और औषधीय प्रजाति के पौधे ही रोपे जाएं। इस दौरान स्मृति वन, नक्षत्र वन और संस्कृति वन विकसित करने पर फोकस किया जाए। इंदौर और भोपाल नगर निगम में 15 - 15 लाख पौधे रोपे जाएंगे। इस मामले में सभी कलेक्टरों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए है।**

प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में 15 जुलाई से 15 सितम्बर तक व्यापक रूप से पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। दो महीने तक चलने वाले पौधारोपण में शहरी इलाकों में एक करोड़ 75 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य तय किया गया है। इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग से सभी कलेक्टर्स को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। भोपाल और इंदौर नगर निगम में 15-15 लाख, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन नगर निगम में 10-10 लाख जबकि अन्य 11 नगर निगम में 5-5 लाख पौधे रोपे जाएंगे।

बताया गया है कि एक लाख या इससे अधिक जनसंख्या वाली 17 नगर पालिकाओं में एक-एक लाख पौधे रोपने का टारगेट तय किया गया है। एक लाख से कम जनसंख्या वाली 82 नगर पालिकाओं में 15-15 हजार जबकि 298 नगर परिषदों में 10-10 हजार पौधे रोपे जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश हैं कि नगरीय निकाय की स्वयं की हरित क्षेत्र के लिए आरक्षित भूमि, अन्य शासकीय भूमि के साथ निजी कॉलोनियों में हरित क्षेत्र के लिए आरक्षित भूमि में पौधारोपण किया जाए।

# इंदौर में लगाए जाएंगे ज्यादा ऑक्सीजन देने वाले पेड़

**51 लाख पौधरोपण मिशन, हर वार्ड में अब रुफ गार्डन, उट करेंगे अभियान की लॉन्चिंग**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में 51 लाख पौधरोपण की तैयारियां चल रही है। इस मिशन में 80% वे पेड़ लगाए जाएंगे जो ज्यादा ऑक्सीजन देते हैं। बांस के पौधे पर नाममात्र शुल्क पर मिलेंगे। रेवती रेंज की डेढ़ सौ एकड़ की पहाड़ी और बिजासन की 14 हेक्टेयर जैसी बड़ी जमीन सहित पर कई स्थानों पर पौधरोपण किया जाएगा। ऐसे ही हर वार्ड में रुफ टॉप गार्डन तैयार किए जाएंगे। इसके बाद 85 वार्डों में कॉम्पीटिशन होगा। अच्छे वार्ड को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके बाद पुरस्कार दिए जाएंगे। पौधरोपण अभियान की लॉन्चिंग मुख्यमंत्री मोहन यादव करेंगे।

यह बात मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शुक्रवार को रेसीडेंसी में आयोजित 51 लाख पौधरोपण मिशन की समीक्षा बैठक के बाद कही। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि हर परिवार दस पौधे अवश्य लगाएं। वन विभाग नगर निगम को 40 लाख पौधे देगा और खुद 10 लाख पौधे लगाएगा। वन विभाग द्वारा महू, चोरल मानपुर और इंदौर में पौधे लगाए जाएंगे। पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग को 5 लाख पौधरोपण के लिए ग्राम पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, ग्रामीण जन, विभिन्न सामाजिक संगठनों सहित विभिन्न विभागों के मैदानी अमले को पौधारोपण के इस पुनीत कार्य में सहभागिता के लिए जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने प्रत्येक पौधारोपण स्थल की जियो मैपिंग करते हुए तैयारियां समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने आवश्यक तैयारियों, समय पर पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, निर्धारित ऊंचाई के पौधों की उपलब्धता आदि के बारे में जानकारी दी।

## 8 दिवसीय निशुल्क योग शिविर कल

इंदौर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डॉक्टर हेडगेवार स्मारक समिति इंदौर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष ईश्वरदास हिंदुजा, सचिव राकेश यादव,अशोक राठी ने बताया कि समिति द्वारा वर्षभर सेवाकार्य किए जाते है। इसके अंतर्गत योग-प्राणायाम,रक्तदान,स्वास्थ्य शिविर ,सामाजिक समरसता व अन्य सेवा कार्य निरंतर चलते है। इसी कड़ी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 16 जून से 23 जून तक योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें योगाचार्य गोपाल कृष्ण भार्गव के मार्गदर्शन में विशेषज्ञों द्वारा योग और प्राणायाम से होने वाले लाभ और बीमारियों के उपचार की सारगर्भित जानकारी दी जाएगी

## आयुष निर्माता संघ द्वारा आज व्यापार बढ़ाने संबंधी कार्यशाला का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। म.प्र. आयुष निर्माता संघ इंदौर की मेजबानी में शनिवार, 15 जून को शाम 6 बजे ए.बी. रोड स्थित अमर विलास होटल पर लघु उद्योग सेवा संस्थान के निदेशक गौरव गोयल, राज्य के ड्रग लाइसेंस अथारिटी के डिप्टी डायरेक्टर राजीव मिश्रा एवं कोलकाता के पवन शर्मा के विशेष आतिथ्य एवं राज्य के लाइसेंस अथारिटी के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. पी. सी. शर्मा (भोपाल) के मुख्य आतिथ्य में महाराष्ट्र के पुणे के उद्योग समुह ब्लूमार्क के सहयोग से इंदौर में व्यापार बढ़ाने की कार्यशाला के साथ ही आयुष से संबंधित नए नियमों की जानकारी देने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन होगा। आयुष निमार्ता संघ के अध्यक्ष राजेश सेठिया, सचिव ऋषभ पाटनी एवं मीडिया प्रभारी अक्षय सेठी ने बताया कि महामंडलेश्वर स्वामी दादू महाराज इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर ब्लूमार्क समूह की ओर से डायरेक्टर संजय राणे एवं समूह के अन्य अधिकारी बताएंगे की अपना व्यापार कैसे बढ़ाया जाए। इस कार्यशाला के साथ ही आयुष से संबंधित नए नियमों की जानकारी भी दी जाएगी।

# इस्कॉन की रथयात्रा इस बार विद्याधाम मंदिर से गोपाल मंदिर तक 7 जुलाई को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अंतर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) के निपानिया स्थित राधा गोविंद मंदिर की जगन्नाथ पुरी तर्ज पर भव्य रथयात्रा का आयोजन इस बार रविवार, 7 जुलाई को विमानतल मार्ग स्थित विद्याधाम मंदिर से राजबाड़ा स्थित गोपाल मंदिर तक किया जाएगा। इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास के सानिध्य एवं राज्य के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के आतिथ्य में इस यात्रा में अनेक आकर्षण होंगे। यात्रा की तैयारियां प्रारंभ हो गई है।

यात्रा प्रभारी हरि अग्रवाल, संयोजक किशोर गोयल एवं शैलेन्द्र मित्तल तथा प्रशासनिक व्यवस्था प्रभारी अशोक गोयल ने बताया कि यात्रा विद्याधाम मंदिर से प्रारंभ होकर बड़ा गणपति, टोरी कार्नर, मल्हारगंज, गोराकुंड, राजबाड़ा होते हुए गोपाल मंदिर पहुंचेगी। यात्रा में इस्कॉन से जुड़े देश-विदेश के अनेक संत एवं श्रद्धालु भी शामिल होंगे। हमेशा की तरह भगवान राधा गोविंद के लिए मथुरा-वृंदावन से पोषाख एवं विभिन्न किस्म के फूल भी बुलवाए जाएंगे। यात्रा की दिव्यता को देखते हुए विभिन्न समितियों का गठन करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। अब तक यातायात व्यवस्था, प्रसाद वितरण, रथ की साज-सज्जा, भोजन प्रसादी आदि समितियों का गठन कर उनमें गिरधर गोपाल प्रभु, अदिधरण प्रभु, दिव्यांश प्रभु, अच्युतगोपाल प्रभु एवं रणवीर प्रभु आदि शामिल किए गए हैं। अन्य समितियों के गठन की प्रक्रिया अभी जारी है।

# स्मार्ट मीटरों ने गणना कर उपभोक्ताओं को दिलाई 29 करोड़ की पॉवर फैक्टर छूट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। स्मार्ट मीटर न केवल बिजली वितरण की सटिक गणना करने में बल्कि उपभोक्ताओं को नियमानुसार छूट दिलाने के लिए भी कारगर साबित हो रहे हैं। बिजली कंपनी क्षेत्र में अब तक स्मार्ट मीटरों ने 29 करोड़ से ज्यादा की पॉवर फैक्टर छूट उपभोक्ताओं को दिलाई है। सबसे ज्यादा छूट इंदौर शहर के उपभोक्ताओं को करीबन 20 करोड़ की प्रदान की गई हैं।मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि गैर घरेलू उपभोक्ताओं को पॉवर फैक्टर 0.85 या उपर दर्ज होने पर छूट की पात्रता आती है। अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर पॉवर फैक्टर की नियमित गणना कर मुख्यालय भेजते , इससे पात्रतानुसार उपभोक्ताओं को अगले बिल में एक रूपए यूनिट तक की छूट दी जा रही है। श्री तोमर ने बताया कि इंदौर शहर में अब तक लगभग करीब साढ़े तीन लाख बिलों पर 20 करोड़ की पॉवर फैक्टर छूट प्रदान की गई हैं। इसी तरह उज्जैन में 35 हजार बिलों पर करीब दो करोड़, रतलाम में 28 हजार बिलों पर डेढ़ करोड़ की पॉवर फैक्टर छूट दी गई है। वर्तमान में कंपनी क्षेत्र में तेरह जिलों में स्मार्ट मीटर की गणना आधार पर गैर घरेलू उपभोक्ताओं को पॉवर फैक्टर छूट समय पर दी जा रही है।

## बात मुद्दे की

### क्या केंद्र-राज्य सरकार कोई नियम बना सकते है?

❑ क्या स्वास्थ्य मंत्री इस मामले में गरीबों की कोई मदद कर सकते हैं?

DGR @ Manish Shanti Pilple

आज कल ये देखने में आ रहा है कि अधिकांश प्राइवेट हॉस्पिटल्स दोनों हाथों से पेशंट को लूट रहे है,pateint के विरोध करने पर उसे डराया जाता है,medicine वहीं से लेने के लिए बाध्य किया जाता है, और कुछ बड़े हॉस्पिटल तो medicine आप को लिख कर देते ही नहीं है, डायरेक्ट मंगवा लेते है या नंबर लिख कर देते है, आज का किस्सा ऐसा है कि 1 पेशेंट को पहले यूं मना कर दिया गया कि कंपनी चेंज कर के दूसरा इंजेक्शन नहीं लगाएंगे जब की वो इंजेक्शन जो 1500 का 1था,और कुल 160 इंजेक्शन लगाना है, वो 800 rs में एवलेबल था , डॉक्टर के मना करने पर उसी इंजेक्शन को ढूंढा गया और वो 1100 में एवलेबल हो गया, पर आज Dr. ने कहा कि इंजेक्शन तो यहीं से लेना पड़ेगा, नहीं तो आप दूसरे हॉस्पिटल चले जाइए, ब्लैकफंगस की प्रॉब्लम है, परिवार वैसे ही डरा हुआ है, मध्यम वर्गीय परिवार है और पूरी संपति इस बीमारी में ही खर्च हो जायेगी, जनरल वार्ड में डॉ. visit के लगभग सभी हॉस्पिटल्स 2000 rs चार्ज कर रहे है।

सुबह शाम डॉ. आते है, हालचाल पूछते है और बिल में 4000 जुड़ जाते है। 1 निहायत ही गरीब इंसान को भी छोड़ा नहीं जाता है।

1. **क्या राज्य सरकार ईस मामले में कुछ मदद कर सकती है?**
2. **क्या केंद्र सरकार कोई नियम बना सकते है?**
3. **क्या स्वास्थ्य मंत्री इस मामले में गरीबों की कोई मदद कर सकते हैं?**
4. **क्या सरकार यह निर्णय ले सकती है कि जो भी निर्माता की कास्टिंग हो मेडिसिन बनाने की , उस से 4 या 5 गुणा से ज्यादा एमआरपी नहीं डाल सकते?**

# बाल विवाह, पहली बार गार्डन संचालक पर केस दर्ज

## बेटी को मायके नहीं भिजवाया तो पिता ने ही खोल दी पोल...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **नाबालिग की शादी कराने वाले पंडित-परिवार के बाद मैरिज गार्डन संचालक पर केस दर्ज करने का मामला सामने आया है। इंदौर में यह कार्रवाई शुक्रवार शाम कर दी गई। पुलिस ने नाबालिग दुल्हन की शादी कराने पर दोनों परिवार, घराती-बरातियों समेत 10 आरोपी बनाए गए हैं।**

शादी डेढ़ महीने पहले हुई थी। तब पता नहीं चला। मायके नहीं आने देने पर नाबालिग ने शिकायत की तो बाल विवाह का भांडा फूट गया। लड़की 15 साल की भी नहीं थी। अब दूल्हा सहित दोनों परिवार वालों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। यदि शारीरिक संबंध पाए गए तो बालिग दूल्हे पर पाक्सो एक्ट भी लग सकता है।

25 अप्रैल 2024 को पालदा रोड स्थित सूर्य वाटिका में 14 साल 8 महीने की बालिका की शादी 19 साल के दूल्हे से की गई। दूल्हा-दुल्हन के घर वाले और रिश्तेदार शादी में शामिल हुए। यहां तक सब कुछ अच्छा चला। नाबालिग दुल्हन ससुराल चली गई। ससुराल वाले उसे मायके नहीं जाने देते। मायके से कोई मिलने आता तो उसे मिलने भी नहीं दिया जाता। एक-डेढ़ महीने तक ये सब चलता रहा। दोनों परिवार के लोगों की फोन पर बात हुई लेकिन लडक़ी को मायके नहीं जाने दिया। लडक़ी गरीब परिवार से है जबकि लडक़ा संपन्न परिवार से ताल्लुक रखता है। आखिरकार लडक़ी के पिता ने ससुराल वालों पर कार्रवाई करने का मन बनाया और 13 जून को चाइल्ड हेल्पलाइन पर शिकायत कर दी।

### लड़की को थाने लाए, रिश्तेदारों की लिस्ट तैयार की

शिकायत महिला बाल विकास अधिकारी को ट्रांसफर हुई। 14 जून को जिला कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधौलिया ने मामले में परीक्षण करने के निर्देश क्षेत्रीय सुपरवाइजर को दिए। सुपरवाइजर नेहा राजोरिया और ललिता नवाया दुल्हन को ससुराल से लेकर आजाद नगर थाने लाईं। मामले को लेकर लाडो अभियान कोर ग्रुप के महेंद्र पाठक को कार्रवाई की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथी शैलेष शर्मा के साथ पहुंचे। दोनों पक्षों से पूछताछ की और शादी के सबूत के तौर पर फोटो-वीडियो इकट्ठा किए। शादी में शामिल होने वाले लोगों की लिस्ट तैयार की गई।

### शादी के लिए मना कर रहे थे लडक़ी वालों ने ही दबाव बनाया था

बाल विवाह में शामिल होने पर दूल्हे के 3 जीजा पर भी केस दर्ज किया है। बहनों ने कहा कि हम तो अपने बालिग भाई की शादी के लिए ही मना कर रहे थे। लेकिन, लडक़ी वालों ने ही शादी करने का दबाव बनाया था। हम सबको फंसा दिया है। बता दें करीब डेढ़ महीने से नाबालिग लडक़ी पति के यहां ससुराल में रह रही है। लडक़ी का मेडिकल भी करवाया जाएगा। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस धारा बढ़ाकर कार्रवाई कर सकती है। शारीरिक संबंध की पुष्टि होने पर लडक़े के खिलाफ पॉक्सो एक्ट भी लगना तय है।

## घर में घुसकर रेप, आरोपी बंदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बेटमा इलाके में एक युवती से रेप का मामला सामने आया है। आरोपी ने घर में घुसकर उसे अपनी हवस का शिकार बनाया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। आरोपी का नाम अरबाज निवासी धन्नड़ है। लक्ष्मी नगर में रहने वाली युवती ने पुलिस को शिकायत की है कि बीती दोपहर वह घर में अकेली थी तभी आरोपी उसके घर में घुस गया और उसके साथ जोर जबरदस्ती की। उसने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी है। बताते हैं कि आरोपी वारदात के बाद फरार हो गया था। आम लोगों ने इसका जबरदस्त विरोध किया उसके बाद पुलिस ने तत्काल आरोपी की तलाश की और उसे गिरफ्तार कर लिया।

## नाबालिग लड़की ने थार से ई-रिक्शा को मारी टक्कर, कई घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर के भमौरी इलाके में शुक्रवार देर रात हादसा हो गया। घटना में थार (जीप) चालक ने ई-रिक्शा चालक को टक्कर मार दी। इससे ई-रिक्शा पलटी खा गया और उसमें बैठे चालक व सवारी को चोट आई है। घटना करीब रात साढ़े 10 बजे की है। विजय नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जीप एक नाबालिग लडक़ी चला रही थी। घटना के बाद भीड़ ने उसे घेर लिया। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ। विजय नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रात के अंधेरे में करता था वारदात, शातिर चोर पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **रात के अंधेरे में रावजी बाजार थाना क्षेत्र की दो अलग अलग किराना दुकान में चोरी करने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने गिर तार कर लिया है। बदमाश ना सिर्फ दुकान से नगदी चुराता था बल्कि ड्रायफूड जैसे महंगी खानपान की सामग्री भी चोरी कर ले जाता था जिसे बाद में सस्ते दाम में बेचकर रूपए कमा लेता था। चोरी का माल बेचने के दौरान ही पुलिस ने उसे धर लिया।**

डीसीपी जोन-4 ऋषिकेश मीना के नेतृत्व में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस टीमें लगातार काम कर रही हैं और यही वजह रही कि कई मामलों में पुलिस को सफलता भी मिली और वारदात के चंद घंटो के भीतर ही पुलिस ने चोर को पकडक़र उससे मश्रुका भी बरामद कर लिया। एसीपी जूनी इंदौर देवेंद्र सिंह धुर्वे ने बताया कि 10 जून को फरियादी इरफान एहमद असंरी पिता खालिक अंसारी ने रावजी बाजार थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि प्रकाश का बगीचा मेन रोड पर महाराजा किराना स्टोर के नाम से उनकी दुकान है। रात्रि को दुकान बंद कर वह घर चले गए अगले दिन दुकान पर पहुंचे तो दुकान के शटर के ताले टुटे हुए मिले और अंदर जाकर देखा तो दो लाख रूपए से अधिक नगदी और किराना का सामान ड्रायफुड काजू बादाम गायब था इस पर पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। इसी तरह एक और फरियादी प्रतीक पिता विजय कुशवाह निवासी शंकरबाग छावनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि नवलखा अग्रसेन पर मेरी किराना दुकान से रात्रि में कोई अज्ञात चोर दुकान का ताला तोडक़र घी के डिब्बे और पान मसाला कुल मश्रुका तीनस हजार रूपए का माल अज्ञात बदमाश ले गया। इन दोनों ही मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया और थाना प्रभारी आमोद सिंह राठौर के नेतृत्व में एक टीम गठित की और टीम ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खगाले और इस दौराम मुखबिर से सूचना मिली कि जूनी इंदौर ब्रिज के नीचे किराने का सामान सस्ते दामों में बेचने की बात कर रहा है। सूचना मिलते ही टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी अंबर उर्फ अनुराग पिता रघुनाथ उर्फ राव साब वर्मा निवासी रावजी बाजार को गिर तार कर लिया उससे स ती से पूछताछ की तो उसने किराना दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम देना कबूल किया। उससे चोरी किया गया किराने का सामान पुलिस ने बरामद कर लिया है और अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## बंधक बनाकर कराई शापिंग

### ग्रुप चैन बनाने के नाम पर धोखाधड़ी, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **मार्केटिंग बिजनेस में लोगों की ग्रुप चेन बनाकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में युवक-युवतियों ने कंपनी के मैनेजर सहित चार लोगों पर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। इनका आरोप है कि हमें बंधक बनाकर शॉपिंग कराई जा रही है। यहां हमें खाना भी नहीं दे रहे और इंदौर के बाहर से आए लोगों को जाने भी नहीं दे रहे।**

एरोड्रम पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नेहा मेहरा सांवेर रोड की शिकायत पर वी बिलिवर्स कंपनी 60 फीट रोड के मैनेजर अजय जाट, महेश चौधरी, कीर्ति ठाकुर और संदीप ठाकुर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।नेहा ने बताया कि सलोनी लोवंशी, नंदनी, भाग्यश्री और कार्तिक सहित अन्य साथियों को आरोपियों ने नौकरी देने का लालच दिया और उसके नाम पर शॉपिंग करवा ली। उनके कहने पर हजारों की शॉपिंग कर ली। हमें शॉपिंग के नाम पर खाली बॉक्स के साथ फोटो खींच लिए। ब्लैंक पेपर पर हमसे साइन भी करवा लिए। इसके बाद हमसे कहा गया कि अन्य लोगों को जोडकर उनसे भी 50 हजार रुपए की शॉपिंग कराइये। उनकी एक के नीचे दूसरा, तीसरा ऐसे चेन बनाते जाइये। इससे आपकी हजारों-लाखों में इनकम होगी। हमने कंपनी के कहे अनुसार काम किया और ऑनलाइन शॉपिंग कराई। हमने सैलरी मांगी तो भगा दिया।यहां कुछ लोग इंदौर से बाहर के हैं। जिन्हें झांसा देकर बुलाया गया था। अब उन्हें घर भी नहीं जाने दे रहे। यहां एक कमरे में ही रखा है। उन्हें खाना भी नहीं दिया जा रहा है और जो बाहर से आए हैं उन्हें लौटने भी नहीं दिया जा रहा है।

## दो लोगों को चाकू मारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खजराना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चाकूबाजी की घटना गांधीग्राम सब्जी मंडी के पास की है। यहां रहने वाली शबनम बी ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर की पुताई कर रही थी तभी घर के बाहर एक रिक्शा चालक ने अपना रिक्शा खड़ा कर दिया उसे वहां से रिक्शा हटाने के लिए कहा तो विवाद करने लगा। इसका विरोध किया तो उसने महिला के पति और पिता पर चाकू से हमला कर दिया।

## गश खाकर गिरी महिला ने दम तोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पानी भरते भरते एक महिला गश खाकर गिर गई। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। सुमनबाई पति हीरालाल निवासी गांधीनगर के शव का एमवाय अस्पताल में पीएम हुआ। बताया जा रहा हैकि सुमनबाई घर पर पानी भर रही थी। इस दौरान वह गश खाकर गिर गई। आसपास के लोग उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे मृत बता दिया। सुमनबाई का पति ह माली करता है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल सकेगा।

## कर्मचारी की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मूलरूप से मनावर का रनहे वाला करण पिता रावत पीथमपुर स्थित सि पलेक्स कंपनी में नौकरी करता था। कंपी में काम करने के दौरान उस पर कोई भारी वस्तु गिर गई जिससे उसे गंभीर चोटें आई थीं। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां मौत हो गई। करण कुछ दिन पहले ही पीथमपुर में नौकरी पर लगा था। बताया जा रहा है कि उसने 12 वीं की परीक्षा दी थी जिसमें पास हो गया था। स्कूल की छुट्टियां होने के चलते वह काम पर लग गया था।

# सीएम की सभा में बारिश, करंट लगने से दो घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में 17-18 जून को मानसून की एंट्री हो सकती है। इससे पहले, प्रदेश में प्री-मानसून की एक्टिविटी है। कहीं तेज बारिश हो रही है, तो कहीं आकाशीय बिजली गिरने-चमकने या आंधी का दौर है। शुक्रवार दोपहर को प्रदेश के कई शहरों में मौसम बदल गया। खरगोन, हरदा, इंदौर के महू, सीहोर के आष्टा, खंडवा समेत कई जिलों में बारिश हुई।**

इधर, बैतूल जिले के मुलताई में सीएम डॉ. मोहन यादव की सभा के दौरान तेज बारिश होने लगी। इससे बचने के लिए लोगों ने वहां लगाए गए होर्डिंग को सिर पर रख लिया। कुछ लोग बारिश से बचने के लिए टेंट में छिपते नजर आए। इसी दौरान वहां करंट की चपेट में आकर एक महिला और बच्चा घायल हो गया। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर समेत 27 जिलों में प्री-मानसून एक्टिविटी का अनुमान जताया है। ग्वालियर, दतिया समेत 9 जिलों में गर्मी का असर देखने को मिल सकता है।

**प्रदेश के दक्षिण हिस्से से मानसून होगा एंटर-** सीनियर वैज्ञानिक दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस, ट्रफ लाइन और साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से आंधी, बारिश और गरज-चमक की स्थिति बनी हुई है, जो अगले कुछ दिन तक बनी रहेगी। आकाशीय बिजली गिरने की संभावना ज्यादा है। सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, प्रदेश में मानसून 18 जून तक आ सकता है। दक्षिण हिस्से से मानसून एंटर होगा।

नर्मदापुरम में शुक्रवार शाम को हल्की बूंदाबांदी हुई। हरदा में शुक्रवार दोपहर को कई देर तक तेज बारिश हुई।

---

❑ मुलताई में सीएम डॉ. मोहन यादव की आमसभा,बोले- ...

## जल्द ही पूरे प्रदेश में अभियान शुरूकर 6 करोड़ पौधे लगाएंगे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुलताई।** बैतूल जिले के मुलताई में शुक्रवार को सीएम मोहन यादव ने रोड शो और ताप्ती पूजन किया। इसके बाद उन्होंने हाई स्कूल मैदान में एक विशाल आम सभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कार्यक्रम में कहा कि जल्द ही पूरे प्रदेश में पौधारोपण अभियान शुरू करेंगे और 6 करोड़ पौधे लगाएंगे। मुल्ताई धार्मिक नगरी है। इसका योजना बनाकर विकास करेंगे।

वहीं जहां-जहां प्रदेश में राम और कृष्ण के पैर पड़े हैं, उन स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित करेंगे। मुल्ताई में पॉलिटेकनिक कॉलेज की मांग पर भविष्य में इसकी सौगात देने की बात कही। उन्होंने कहा कि बैतूल जिले में उद्योग धंधे खोले जाएंगे और युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा।

इसके पहले जिले के सभी विधायकों और नपा अध्यक्ष वर्षा गडेकर ने उनका स्वागत किया। सीएम के भाषण के दौरान ही तेज बारिश शुरू हो गई थी। भाषण के बाद सीएम छिंदवाड़ा के लिए निकल गए।

मुलताई को नहीं दी कोई सौगात

मुख्यमंत्री ने मुलताई को कोई सौगात नहीं दी, केवल आश्वासन दिया कि भविष्य में मांगो को पूरा किया जाएगा। जिससे लोगों में मायूसी है। लोगों का कहना है कि कम से कम ताप्ती लोक की घोषणा की जानी चाहिए थी, लेकिन सीएम ने कोई नई घोषणा नहीं की।

---

जल-गंगा संवर्धन अभियान पर दिग्गी का तंज,कहा- ...

# कोई भी पत्थर उठाओ, वहां भाजपा के करप्शन का बिच्छू बैठा मिलेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रदेश में नदियों, तालाबों, बावडियों सहित तमाम जल संरचनाओं के संवर्धन के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान पर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने हमला बोला है। भोपाल के गोविंदपुरा में घायल पार्षद जीत राजपूत का हालचाल जानने पहुंचे दिग्विजय सिंह ने कहा- मेरे कार्यकाल में हमने वाटर शेड मैनेजमेंट के अंतर्गत काम किया था।**

पानी रोको अभियान चलाकर छोटे-छोटे तालाब बनाए गए थे। इन्होंने अमृत सरोवर बनाए। उसमें सारा भ्रष्टाचार हुआ। मशीनों से काम किया और पूरे पेमेंट हो गए। यहां तो कोई भी पत्थर उठाओ वहां भाजपा के करप्शन का बिच्छू बैठा हुआ है।

### शिवराज भाषण बाजी के अलावा कुछ नहीं करेंगे

संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा शिवराज सिंह चौहान को कृषि मंत्री बनाए पर विरोध जताने पर दिग्विजय सिंह ने कहा- मध्य प्रदेश के लोग इनसे परिचित हैं क्या किसानों का भला किया, और कौन सा इन्होंने पंचायती राज में पंचायत को अधिकार दिया यह सब देख लीजिए यह व्यक्ति भाषण बाजी के अलावा इसे यह उम्मीद की जाए कि यह कुछ करेंगे मुझे तो उम्मीद नहीं है।

### भोपाल में पेड काटे जाने पर कहा- ये धंधेबाजों की सरकार

मंत्रियों बंगलो के आवासों के लिए पेड़ काटे जाने को लेकर होने विरोध प्रदर्शन पर दिग्विजय सिंह ने कहा इनका पूरा काम करने का जो तरीका है वह एक बिंदु पर आधारित है कैसे करके भी कमाओ। यह धंधा करने के लिए सरकार चल रही है यह धंधेबाजों की सरकार चल रही है।

### नीट की परीक्षा कैंसिल की जाए-

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने नीट की पूरी परीक्षा को निरस्त करने की मांग की है। दिग्विजय सिंह ने 1563 छात्रों की परीक्षा कराने के निर्णय को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि इस साल की पूरी परीक्षा कैंसिल होनी चाहिए। इसकी टेक्निकल और फोरेंसिक जांच होनी चाहिए। ये दो-तीन दिन में हो सकती है। मेरी सहानुभुति उन लाखों परिवारों से है जिन्होंने लाखों रुपए खर्च कर अपने बच्चों को कोचिंग कराई। ऐसी स्थिति में काबिल बच्चो को भी एम्स या किसी अच्छे कॉलेज में एडमिशन नहीं मिल पाएगा।

### एनटीए के अध्यक्ष की भूमिका संदेह के घेरे में

दिग्विजय सिंह ने कहा, 2013 से लेकर अब तक 40 से ज्यादा पेपर लीक हो चुके हैं। यह एक पैटर्न है। आज जो एनटीए(नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) के अध्यक्ष हैं उन्हीं से कहा जा रहा है कि आप जांच कर लीजिए। इसका मतलब यह है कि अपराधी से ही कह रहे हैं कि जांच कर लो। यह कौन सा न्याय है? ये श्रीमान पहले एमपीपीएससी के अध्यक्ष रहे। छत्तीसगढ़ के बने, यूपीएससी के मेंबर बने फिर यूपीएससी अध्यक्ष बने। अब एनटीए के अध्यक्ष हैं।

### ये सोची-समझी साजिश के तहत होता है

उन्होंने कहा- जिस दिन परीक्षा हुई। उसी दिन बिहार के थाने में रिपोर्ट हो गई। गुजरात के बड़ौदा में कोचिंग कंपनी ने खुलेआम पेपर बेचा। ग्रेस मार्क की बातें आई यानी जैसा नॉर्मलाइजेशन हमारे यहां चलता है इसको घटा दो, उसको बढ़ा दो। यह सब एक सोची-समझी साजिश के तहत होता है।

### प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं

दिग्विजय सिंह ने कहा- मुझे इस बात का दुख है कि प्रधानमंत्री जी मौन हैं। लाखों पालकों के अरबों रुपए कोचिंग में खर्च हुए होंगे। आज उनके ऊपर क्या बीत रही होगी। कभी ऐसा हो सकता है कि 67 लोग 720 नंबर पर हों। और ग्रेस मार्क को बताते हैं कि सुप्रीम कोर्ट का आर्डर है। अरे, सुप्रीम कोर्ट का आर्डर क्लैट के बारे में था। उस आर्डर में यह था कि यह मेडिकल और इंजीनियरिंग के एंट्रेंस एग्जाम पर लागू नहीं होगा। कितना झूठ बोल रहे हैं यह लोग।

---

# कॉलेज में घुसकर प्रोफेसर को लाठी-डंडों से पीटा

## बदमाशों ने पहले आंखों में मिर्ची डाली, फिर बेहोश होने तक मारते रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल। बैतूल में कुछ बदमाशों ने कॉलेज में घुसकर एक प्रोफेसर पर जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने पहले प्रोफेसर की आंखों में मिर्ची झोंकी और फिर लाठी-डंडों से पिटाइ कर दी। हमले में गंभीर रूप से घायल प्रोफेसर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**

घटना शुक्रवार दोपहर को शासकीय जे एस कॉलेज में हुई। यहां लगे सीसीटीवी कैमरों में 5 से 7 बदमाश लाठी-डंडों के साथ कॉलेज में घुसते नजर आए। वे सीधे कॉलेज के संस्कृत विभाग में गए और वहां स्टूडेंट्स के साथ चर्चा कर रहे असिस्टेंट प्रोफेसर नीरज धाकड़ पर हमला कर दिया।

**बदमाशों ने प्रोफेसर को बेहोश होने तक पीटा-** बदमाश जब प्रोफेसर नीरज को पीट रहे थे। तब कोई भी उन्हें बचाने नहीं आया। पिटाई होने पर जब वे बेहोश हो गए, तब हमलावर मौके से भाग गए। बाद में कॉलेज के दूसरे प्रोफेसर्स और स्टाफ ने घायल नीरज धाकड़ को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। उनके सिर और हाथ-पैर में चोट आई है। हमलावरों में से एक की पहचान अन्नू ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

**महीनेभर पहले पूर्व स्टूडेंट अन्नू ठाकुर से हुआ था विवाद-** बताया जा रहा है कि करीब एक महीने पहले प्रोफेसर नीरज का कॉलेज के पूर्व स्टूडेंट अन्नू ठाकुर से कॉलेज में ही विवाद हो गया था। वह संस्कृत विभाग से प्रोफेसर की सील और लेटर हेड लेकर भाग रहा था। उस समय प्रोफेसर ने उसे पकड़ लिया था। तब भी उसकी प्रोफेसर से झूमाझटकी हुई थी।

**जनभागीदारी समिति अध्यक्ष बोले- जान लेने की कोशिश की हुई-** जे एच कॉलेज की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष घनश्याम मदान ने बताया कि जो हमलावर हैं, वे असामाजिक तत्व हैं, हमारे कॉलेज के स्टूडेंट नहीं हैं। मुझे जानकारी मिली है कि 5-6 लोगों ने आकर प्राध्यापक पर हमला किया, उनको रॉड से मारा है। जान लेने की कोशिश की गई है। वजह तो पता नहीं है, लेकिन मुझे किसी ने अभी बताया कि पिछले दिनों कुछ बच्चे उनकी सील लेकर भाग रहे थे। तब प्रोफेसर ने उन्हें रोका था। छीना झपटी हुई थी। उनकी महानता थी कि उन्होंने बच्चों को माफ कर दिया था।

**पुलिस ने कहा- आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करेंगे-** थाना प्रभारी देवकरण डहरिया ने बताया- हमें सूचना मिली थी कि एक अन्नू ठाकुर नाम के लड़के ने अपने साथियों के साथ मिलकर पहले प्रोफेसर के आंखों में मिर्च डाली, फिर रॉड से हमला किया है। हम स्पॉट पर पहुंचे तब तक प्रोफेसर को अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया। हम उन्हें वहां देखने भी गए। प्रोफेसर की शिकायत पर अन्नू ठाकुर और उसके साथियों पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

---

# पोता लड़की लेकर भागा तो दादा को मार डाला

## पड़ोसी लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी लेकर टूट पड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड।** भिंड में 76 साल के बुजुर्ग पर पड़ोसियों ने लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना परसोना गांव में गुरुवार रात 12 बजे की है। शुक्रवार सुबह देहात पुलिस गांव पहुंची। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। परसोना गांव के रहने वाले बुजुर्ग अतरसिंह यादव का नाबालिग पोता पड़ोसी की लड़की को 10 दिन पहले लेकर चला गया था। लड़की के परिवार ने पुलिस में शिकायत भी की थी। तभी से दोनों परिवार में तनाव चल रहा था। डर के कारण लड़के के परिवार के लोग घर छोड़कर भाग गए। अतरसिंह यादव अकेले ही रह रहे थे। गुरुवार रात लड़की के परिवारवाले लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी लेकर घर में घुस गए।

आरोपी बुजुर्ग को घर से खींचकर सड़क पर लाए और पीटना शुरू कर दिया। चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग भी जाग गए, लेकिन आरोपियों के हाथ में हथियार देखकर कोई बुजुर्ग को बचाने नहीं आया। डर के कारण सभी लोग घरों के अंदर ही रहे। गांववालों ने बुजुर्ग के परिवार को फोन कर बताया। इसके बाद डायल 100 पर सूचना दी। सुबह करीब 8 बजे पुलिस मौके पर पहुंची। बुजुर्ग का बड़ा पोता गांव लौटा। उसने बताया कि छोटा भाई और पड़ोसी की नाबालिग लड़की भाग गए हैं। दोनों की तलाश की जा रही थी। पड़ोसी लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे थे। इसी बात के डर से हम लोग छिपने को मजबूर हो गए। आरोपियों ने बाबा की हत्या के साथ घर में रखे सोने-चांदी के जेवर भी लूट लिए।

# संपादकीय

## लालच की आग

कुवैत के मंगफ क्षेत्र में अग्निकांड के बाद खाड़ी देशों में काम कर रहे भारतीय मजदूरों की बदहाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मध्य पूर्व के इस देश में रोजगार की तलाश में गए 40 से अधिक भारतीय मजदूरों की मौत की घटना स्तब्ध करने वाली है। अग्निकांड के बाद भारत एवं कुवैत सरकार की तमाम एजंसियां सक्रिय हो गई हैं, लेकिन यह कतई नहीं भूलना चाहिए कि वहां मजदूरों की जीवन दशा बेहद खराब है और इस बारे में अक्सर सवाल उठते रहे हैं, जिन्हें अनसुना किया जाता रहा है। विदेश मंत्रालय के आंकड़े हैं कि खाड़ी देशों में स्थित भारतीय दूतावासों में मजदूरों की 48095 शिकायतें मिलीं, जिनमें सबसे ज्यादा कुवैत में ही 23020 शिकायतें प्राप्त हुईं। इन शिकायतों पर क्या कदम उठाए गए, इस बारे में तथ्य उपलब्ध नहीं हैं। यह साफ है कि कुवैत में मजदूरों के लिए हालात अच्छे नहीं हैं। वहां पर खराब स्थिति और कम संसाधनों के बीच उन्हें रहने को मजबूर किया जाता है। जबकि, कुवैत की अर्थव्यवस्था जो इस समय आगे बढ़ रही है, उसमें भारतीयों की भूमिका सबसे ज्यादा है। आरोप तो यहां तक लगते हैं कि कुवैत के स्थानीय लोग भारतीय मजदूरों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते। नियोक्ता तय वेतन से कम भुगतान करते हैं। सुविधाएं ना के बराबर हैं। एक-एक कमरे में 15 से 20 मजदूरों को ठूंस कर रखा जाता है। मंगफ क्षेत्र की जिस इमारत में आग लगी, उसकी सुरक्षा और सरकारी प्राधिकारों की अनुमति को लेकर भी सवाल उठे हैं। वहां जांच बिठा दी गई है। लेकिन अहम सवाल यह है कि व्यवस्था में सुधार को लेकर कोई पहल पहले क्यों नहीं दिखी। सवाल यह भी उठता है कि बदहाली के बावजूद कुवैत समेत खाड़ी देशों में मजदूरों की संख्या क्यों बढ़ रही है। एक रपट के मुताबिक, एक भारतीय मजदूर वहां चालीस से पचास हजार रुपए हर महीने कमा लेता है। जाहिर है, कुवैत में ज्यादा कमाई का लालच तो है ही। विदेश मंत्रालय के मुताबिक वर्ष 1990-91 के खाड़ी युद्ध में कुवैत में भारतीय समुदाय पर बड़ा प्रभाव पड़ा। भारतीयों का बड़े पैमाने पर पलायन हुआ। 1.7 लाख से ज्यादा भारतीयों ने देश छोड़ा। लेकिन इसके बाद ज्यादा कमाई के लालच में वहां संख्या बढ़ी। साथ ही, वहां की कंपनियों का सस्ते श्रम का लालच भी बढ़ा। कुवैत में कई बार दुर्व्यवहार और धोखाधड़ी के मामले आए हैं। शोषण की शिकायतें इतनी ज्यादा मिलने लगी हैं कि भारतीय दूतावास में एक शिकायत निपटान केंद्र खोलना पड़ा। वहां अधिकतर मजदूर केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार से जाते हैं और उनके अनुभव आमतौर पर ठीक नहीं होते। मंगफ हादसे में मरे मजदूरों के बारे में ऐसी भी जानकारियां सामने आई हैं कि उनमें से कई को पर्यटक वीजा पर ले जाया गया। अब कुवैत सरकार ऐसे मजदूरों को अवैध मजदूर के तौर पर चिह्नित करने में जुटी है। पर्यटक वीजा पर भेजे गए मजदूरों का कोई रेकार्ड न तो दूतावास में होता है और न ही भारत सरकार के पास। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि भारत सरकार उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल का गठन करके अपनी ओर से भी जांच बिठाए।

### हंसी-ठिठोली

*Smart answer by a female passenger on a flight...*

*A guy asked a beautiful lady sitting next to him...*

*'Nice perfume.....Which one is it?... I want to give it to my wife.*

*Lady. : 'Don't give her....*

*Some idiot will find an excuse to talk to her.'*




शेखचिल्ली की यह कहानी उसकी नासमझी और मनमौजी व्यवहार पर आधारित है। हुआ यूं कि एक बार शेखचिल्ली बीच बाजार में जोर-जोर से 'चल गई-चल गई' कहते हुए भागने लगा। उन दिनों उस शहर में दो समुदाय के बीच तनाव की स्थिति थी। लोगों ने जब शेख को दौड़ते हुए 'चल गई - चल गई' कहते सुना, तो उन्हें लगा कि दोनों समुदाय में लड़ाई शुरु हो गई है।

लड़ाई के डर के मारे सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानों को बंद कर दिया और अपने-अपने घर की ओर जाने लगे। पूरे बाजार में सन्नाटा छा गया। बस शेख ही इधर-उधर 'चल गई' कहते हुए दौड़ रहा था। कुछ देर बाद एक-दो लोगों ने शेख को रोकते हुए पूछा कि भाई! ये तो बताओ कि कहां चली लड़ाई, क्या हुआ है?

शेख को उनकी बातें बिल्कुल भी समझ नहीं आई। वो हैरान होकर उनकी तरफ देखते हुए कहने लगा कि क्या पूछ रहे हो आप लोग? कौन-सी लड़ाई? मैं किसी लड़ाई के बारे में नहीं जानता हूं। उन लोगों ने जवाब देते हुए कहा कि तुम ही तो इतनी देर से 'चल गई - चल गई' कह रहे हो। हम बस यही जानना चाह रहे हैं कि कौन से इलाके में लड़ाई चल रही है।

शेख को अभी भी कुछ समझ नहीं आ रहा था। उसने कहा कि मुझे किसी लड़ाई के बारे में नहीं पता और न मुझे कुछ समझ आ रहा है कि आप लोग क्या बात कर रहे हैं। इतना कहकर फिर शेखचिल्ली 'चल गई - चल गई' कहकर आगे भागने लगा। तभी उनमें से एक व्यक्ति ने उसे पकड़कर पूछा कि बस तुम ये बता दो कि 'चल गई- चल गई' क्यों चिल्ला रहे हो?

हंसते हुए चिल्ली ने कहा कि आज बहुत समय बाद मेरा एक खोटा सिक्का चला है। मैं कितने समय से उसे अपनी जेब में रखकर घूम रहा था, लेकिन कोई दुकानदार उसे लेता ही नहीं था। आज एक दुकान में वो दुअन्नी चल गई। बस इसी खुशी में भागते हुए मैं पूरे इलाके में 'चल गई-चल गई' कह रहा हूं।

शेख की बात सुनकर सब लोगों को बड़ा गुस्सा आया उनके मन में हुआ कि इस आदमी की बातों की वजह से बेकार में ही सारे लोग परेशान हो रहे हैं। यह सोचते हुए हुए सब लोग वहां से चले गए और शेख भी हंसते हुए आगे बढ़ने लगा।

वहां से आगे कुछ दूरी पर एक पेड़ के नीचे कुछ एक ग्रामीण जरुरत पड़ने पर लोगों को हादसों से बचाने के तरीके सोच रहे थे। उनमें से एक हकीम था। बातों-बातों में ही उस हकीम ने सभी से पूछा कि अगर आप लोगों के आसपास कोई पानी में डूबा हुआ आदमी हो, जिसका पेट पानी से भरा और सांसें रुक रही हों, तो आप सब क्या करेंगे?

दूर से शेखचिल्ली ने भी इस बात को सुन लिया था। यह सब सुनकर वो उन लोगों के बगल में जाकर खड़ा हो गया। उधर, हकीम ने दोबारा सभी से यह सवाल पूछा, लेकिन किसी के पास कोई जवाब नहीं था। हकीम के आसपास बैठे कुछ लोगों ने शेखचिल्ली से पूछा कि अरे, तुम बताओ क्या करोगे।

शेख ने झट से जवाब देते हुए कहा कि किसी की सांसें रुक गई हैं, तो मैं पहले एक कफन खरीदूंगा और कब्र खोदने के लिए लोगों को लेकर आऊंगा। इतना कहकर शेख हंसते हुए अपने रास्ते पर आगे की ओर बढ़ गया।

शेखचिल्ली का जवाब सुनकर वहां मौजूद लोग दंग रह गए। उनके मन में हुआ कि ये किसी बात की गंभीरता को समझे बिना ही चीजें बोल देता है। इससे कुछ पूछना ही गलत है।

### कहानी से सीख

बिना सोचे समझे खुशी में चिखते-चिल्लाते नहीं घूमना चाहिए। साथ ही दूसरों की बातें सुनकर अपने कार्य को प्रभावित भी नहीं करना चाहिए। हर बात की वजह जानकर ही कोई कदम उठाना समझदारी होती है।

### चित्र में रंग भरो



Uttarpradesh

# UP: 4440 करोड़ की जमीन और यूनिवर्सिटी बिल्डिंग जब्त, फरार खनन माफिया मोहम्मद इकबाल पर ED का एक्शन

**सहारनपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में बीएसपी के पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल (former MLC Mohammad Iqbal) के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने बड़ी कार्रवाई की है. केंद्रीय जांच एजेंसी ने पूर्व एमएलसी की 4 हजार करोड़ से ज्यादा की संपत्तियों को अटैच कर दिया है. यहां यूनीवर्सिटी की 4,440 करोड़ रुपये की कीमत की इमारत और जमीन कुर्क की गई है.

एजेंसी के अनुसार, मनी लॉन्ड्रिंग केस में जांच एजेंसी ने एक अनंतिम कुर्की आदेश जारी किया था, इसके बाद 121 एकड़ जमीन और ग्लोकल यूनिवर्सिटी की इमारत को जब्त कर लिया गया है. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बयान में कहा कि ये संपत्तियां अब्दुल वहीद एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के नाम पर दर्ज हैं, इन पर मोहम्मद इकबाल और उनके परिवार के सदस्यों का कंट्रोल था.



मोहम्मद इकबाल, ट्रस्ट और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ की गई ये कार्रवाई अवैध खनन मामले से जुड़ी है. ईडी के अनुसार, पूर्व एमएलसी फरार है. माना जा रहा है कि वह दुबई में है. मोहम्मद इकबाल के चार बेटे हैं. बेटों और भाई के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं, जो जेल में बंद हैं.

मनी लॉन्ड्रिंग का केस उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में रेत खनन, पट्टों के अवैध नवीनीकरण और कई खनन पट्टा धारकों, कुछ अधिकारियों और अज्ञात लोगों के खिलाफ दिल्ली में दर्ज सीबीआई की एफआईआर से जुड़ा है.

P. Bangal

## IIT खड़गपुर के छात्र फैजान की हुई थी हत्या, दूसरी फॉरेंसिक रिपोर्ट में खुल गई पुलिस की भी पोल



**कोलकाता, (एजेंसी)** आईआईटी खड़गपुर में एक छात्र की मौत मामले में दो साल बाद कई बड़ी बातें सामने आई हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट आदेश के बाद की गई दूसरी ऑटोप्सी की रिपोर्ट में पता चला है कि छात्र फैजान के गले पर चाकू का निशान पाया गया था। इसके अलावा उसके शव पर गोली के निशान भी पाए गए थे। इसी साल मई में दूसरी ऑटोप्सी रिपोर्ट हाई कोर्ट को सौंपी गई थी। अगले सप्ताह हाई कोर्ट इस मामले में सुनवाई करने वाला है। उससे पहले एक्सपर्ट कमेटी फाइनल रिपोर्ट दे सकती है।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक डॉ. एके गुप्ता की रिपोर्ट में बताया गया है कि फैजान की गर्दन के पास बाईं तरफ चाकू के निशान मिले हैं। हालांकि पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में इन घावों का जिक्र ही नहीं किया था। मिदनापुर मेडिकल कॉलेज में अक्टूबर 2022 में किए गए शव परीक्षण में भी किसी तरह के जख्म की जानकारी नहीं दी गई थी। इसके बाद फैजान की मां रेहाना ने हाई कोर्ट का रुख किया और जांच के लिए एसआईटी बनाने की मांग की।

कोर्ट ने मई 2023 में शव के अवशेष निकालकर दोबारा ऑटोप्सी करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा था कि छात्र की मौत के पीछे का सच सामने आना जरूरी है। हालांकि शुरुआती रिपोर्ट में कहा गया था कि फैजान ने खुदकुशी की है।

Maharashtra

## मुंबई की ट्यूशन टीचर, FB पर दोस्ती और गिफ्ट का झांसा... खुद को पायलट बताकर ट्रांसफर करा लिए लाखों

**मुंबई, (एजेंसी)** मुंबई में एक ट्यूशन टीचर महिला के साथ ठगी का अनोखा मामला सामने आया है. पुलिस का कहना है कि यहां 68 साल की महिला को एक जालसाज ने फेसबुक (Facebook) पर रिक्वेस्ट भेजकर बातों में फंसाया और गिफ्ट के नाम पर 8 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी कर ली. जालसाजी करने वाले ने खुद को एक इंटरनेशनल एयरलाइन का पायलट बताकर फेसबुक पर महिला से दोस्ती की थी. एजेंसी के अनुसार, महिला ने गुरुवार को माहिम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई. शिकायत में उसने कहा कि उसे 12 मई को फेसबुक पर 'देव पटेल' नाम के एक व्यक्ति से फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी, जिसे एक्सेप्ट कर लिया था. इसके बाद वह चैट करने लगा. उस व्यक्ति ने चैट में कहा कि वह ब्रिटिश एयरवेज का पायलट है. चैट पर उससे बातें होने लगीं. कुछ दिनों बाद उसने कहा कि मेरे लिए उसने एक गिफ्ट भेजा है. पीड़िता ने कहा कि 30 मई को मेरे पास एक कॉल आया. दूसरी तरफ से कोई महिला बात कर रही थी, उसने खुद का परिचय 'दिल्ली कस्टम्स से दीक्षिता अरोड़ा' के रूप में दिया.

NCR

## 'कुंवारी बेगम' ने घर में ही बना रखा था 'गंदी बात' का चैट रूम, बच्चों के यौन शोषण के देती थी टिप्स

**गाजियाबाद, (एजेंसी) 'कुंवारी बेगम' नाम के यूट्यूब चैनल पर 'बच्चों के यौन उत्पीड़न के लिए उकसाने' के आरोप में गिरफ्तार की गई महिला शिखा मैत्रेय ने लाइव स्ट्रीमिंग के लिए अपने घर में ही चैट रूम बना रखा था। सोशल मीडिया पर हल्ला मचने के बाद गाजियाबाद पुलिस ने 'कुंवारी बेगम' फेम यूट्यूबर को भले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हो, लेकिन अब भी कई राज खुलने बाकी हैं।**

पुलिस ने दिल्ली की एक कंपनी में ई-कॉमर्स एक्जीक्यूटिव आरोपी के मोबाइल फोन, लैपटॉप और कंप्यूटर को कब्जे में ले लिया गया है। इससे डिलीट डेटा रिकवर कराने का प्रयास जारी है। बता दें कि, बीते दिनों सोशल मीडिया पर कुंवारी बेगम नाम की यूट्यूबर का वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वह बच्चों के यौन उत्पीड़न के तरीके बता रही थी। वीडियो देखने के बाद लोगों ने कार्रवाई की मांग की थी। कार्यवाहक एसीपी इंदिरापुरम रितेश त्रिपाठी ने बताया कि जांच में पता चला है कि युवती ने घर में ही चैट रूम बना रखा था और वहीं से वह लाइव स्ट्रीमिंग के दौरान अपने चैनल पर लोगों के सवालों के जवाब देती थी। वायरल वीडियो भी 8 जून को घर से बनाया गया था। मुकदमा दर्ज कराने वाली एनजीओ की फाउंडर दीपिका ने बताया कि पहले गगन नाम के युवक ने वीडियो का विरोध किया था। उन्होंने शिकायत की तो शिखा ने सारे वीडियो डिलीट कर दिए।

खेल

# तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे कोहली? शिवम दुबे का कटेगा पत्ता! जानें भारत की संभावित प्लेइंग 11

**लॉडरहिल, (एजेंसी)** भारतीय टीम ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में कनाडा से भिड़ने के लिए तैयार है। शनिवार को दोनों टीमों के बीच लॉडरहिल में टक्कर होगी। इस मुकाबले में भारतीय टीम अपनी जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी। इस मैच में भारत के पास अपनी बेंच स्ट्रेंथ को आजमाने का मौका है क्योंकि टीम इंडिया पहले ही सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुकी है। हालांकि, यह देखना दिलचस्प होगा कि रोहित शर्मा भारत की प्लेइंग 11 में बदलाव करेंगे या नहीं।

भारत ने अब तक विश्व कप में अपने तीनों मैच न्यूयॉर्क में खेले हैं। नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए एक बुरा सपना रही। इस अस्थायी मैदान पर खेले गए आठ मैचों में कोई भी टीम 150 से अधिक रन नहीं बना सकी। अब भारत का सामना लॉडरहिल में कनाडा से होगा। इस मैच में भारतीय बल्लेबाज शानदार प्रदर्शन करना चाहेंगे। भारत बनाम कनाडा मैच से पहले विराट कोहली की बैटिंग पोजीशन को लेकर अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। इस मुकाबले में वह नंबर तीन पर वापसी करेंगे या रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग जारी रखेंगे, यह देखना दिलचस्प होगा। दरअसल, किंग कोहली को सलामी बल्लेबाजी का मौका देने की वजह शिवम दुबे हैं। उन्हें भारत की प्लेइंग 11 में फिट करने के लिए कोहली को अब तक ओपनिंग पर भेजा गया है। हालांकि, दोनों ही खिलाड़ी अब तक कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए हैं। कोहली ने तीन मैचों में सिर्फ पांच रन बनाए। वहीं, शिवम दुबे गेंद और बल्ले से फ्लॉप साबित हुए। इस स्थिति में टीम संयोजन में बदलाव हो सकता है। कोहली की तीसरे नंबर पर अगर वापसी होती है तो यशस्वी जायसवाल को मौका मिलेगा। ऋषभ पंत तीसरे नंबर पर खेलने के लिए तैयार हैं, जबकि सूर्यकुमार यादव चौथे नंबर पर उतरेंगे। अमेरिका के खिलाफ हाल ही में उन्होंने शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई थी। पांचवें नंबर पर शिवम दुबे होंगे। छठे और सातवें नंबर पर क्रमशः हार्दिक पांड्या और रवींद्र जडेजा उतरेंगे। इस मुकाबले में भारत एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज की जगह स्पिनर कुलदीप यादव को आजमाना सकता है। कैरेबियाई पिचें स्पिन गेंदबाजी के लिए अनुकूल रहती हैं। ऐसे में भारत तीन स्पिनरों के साथ खेल सकता है। इस स्थिति में मोहम्मद सिराज कुलदीप के लिए जगह बना सकते हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण का जिम्मा जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह पर होगा। इसमें उनका साथ हार्दिक पांड्या भी देंगे।



**भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह।

**कनाडाः** आरोन जॉनसन, नवनीत धालीवाल, परगट सिंह, निकोलस किर्टन, श्रेयस मोव्वा (विकेट कीपर), रविंदरपाल सिंह, साद बिन जफर (कप्तान), डिलन हेलिगर, कलीम सना, जुनैद सिद्दीकी, जेरेमी गॉर्डन।

सिनेमा

## उर्फी जावेद ने खुलेआम किया ओरी को किस, शादी के सवाल पर बोले- क्यों नहीं करूंगा



उर्फी जावेद और ओरी अवात्रामणि शुक्रवार की शाम एक साथ नजर आए। पापाराजी से मुलाकात करते हुए कैमरे के सामने ही उन्होंने एक दूसरे को किस किया और फिर जब ओरी से शादी के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा- क्यों नहीं करूंगा। उर्फी जावेद और ओरी का यह वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है। उर्फी जावेद से शादी के बारे में पहले भी कई बार सवाल किया जा चुका है। लेकिन अगर आप यह सोच रहे हैं कि उर्फी और ओरी वाकई शादी करने जा रहे हैं तो जरा ठहरिए। क्योंकि दोनों के बीच यह क्यूट केमिस्ट्री और शादी को लेकर बातचीत सीरियल नोट पर नहीं थी। जब दोनों को साथ देखा तो पापाराजी उनसे शादी के बारे में सवाल किए बिना नहीं रह पाए। एक पापाराजी ने ओरी से पूछा- आप शादी करेंगे क्या उर्फी से? तो जवाब में ओरी ने कहा- क्यों नहीं। वो शादी करना चाहेंगी तो क्यों नहीं करूंगा। इसके बाद जब ओरी और उर्फी साथ में आगे बढ़ रहे थे तो दोनों ने एक दूसरे को गले लगाकर बाय कहा और फिर उर्फी ने पापाराजी से कहा- तुम लोगों को बहुत जल्दी पड़ी है मेरी शादी की, हैं? इस पर पापाराजी ने कहा- उन्होंने बोला ना कि उर्फी से शादी करना है। तो उर्फी ने पैप्स को करेक्ट किया कि उन्होंने नाम नहीं लिया। उर्फी जावेद और ओरी के इस वीडियो पर ढेरों कमेंट आए हैं। कुछ लोगों ने जहां कपल को ट्रोल करने की कोशिश की तो वहीं कुछ लोगों ने पॉजिटिव कमेंट भी लिखे हैं।

## Highlights

1. **3 jump off train over fire rumours, run over by another train in J'khand**
2. **Guj girl falls into borewell, dies after being trapped for 15 hrs**
3. **BJP attacking youths, must abandon ego: Priyanka on NEET row**
4. **NDA govt formed by mistake, can fall anytime: Congress chief Kharge**
5. **PM shares pic from G7 Summit, people react as he stands at centre among world leaders**

# EMIs to go up as SBI hikes lending rate by 10 basis points across tenures




**NEW DEIHI, (Agency).** The State Bank of India (SBI) increased its marginal cost of funds-based lending rate (MCLR) by 10 basis points (0.1%) across all tenures. The change will be effective June 15 and will result in higher EMIs for borrowers with loans linked to MCLR. MCLR is the minimum interest rates below which banks cannot lend and reflects the trends in banks' cost of borrowing. It was introduced in 2016.

As per the changes-the hike for one-year MCLR is to 8.75% from 8.65%, the overnight MCLR go up to 8.10% from 8.00% and the one-month and three-month MCLR increase to 8.30% from 8.20%.

Six-month MCLR is now at 8.65%, up from 8.55% and the two-year MCLR has been raised to 8.85% from 8.75% while the three-year MCLR is now 8.95%, up from 8.85%. Most retail loans, including home and auto loans, are linked to the one-year MCLR rate.

SBI also announced hat it has raised $100 million through bonds to support business growth. This comes as RBI's Monetary Policy Committee (MPC) left the repo rate – key policy rate – unchanged at 6.5 per cent on concerns over rise in food inflation.


Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals.

# Government cuts windfall tax on petroleum crude

**NEW DEIHI, (Agency).** The government has cut the windfall tax on petroleum crude to 3,250 Indian rupees ($38.90) per metric ton from 5,200 rupees, effective June 15, according to a notification issued on Friday. The tax, which is revised every fortnight, remained unchanged at zero for diesel and aviation turbine fuel.



India on June 1 cut the windfall tax on petroleum crude to 5,200 rupees per metric ton from 5,700 rupees. From July 2022, India started taxing crude oil production and exports of gasoline, diesel and aviation fuel to regulate private refiners which wanted to sell fuel overseas instead of locally to gain from robust refining margins. Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक